पावर टू गर्ल्स

आओ मिलकर बाल विवाह को खत्म करें।

GIRLS NOT BRIDES
The Global Partnership to End Child Marriage

द गर्ल्स नॉट ब्राइड्स: द ग्लोबल पार्टनरशिप टू एंड चाइल्ड मैरिज पावर टू गर्ल्स अभियान बाल विवाह को समाप्त करने के लिए तत्काल कार्रवाई का आह्वान करता है

हर साल, दुनिया भर में लाखों लड़कियों की शादी 18 साल की उम्र से पहले कर दी जाती है। बाल विवाह लिंग आधारित हिंसा का रूप है, जो लड़कियों को शिक्षा से दूर रखता है और उनके अधिकारों, स्वास्थ्य, सुरक्षा और स्वायत्तता को खतरे में डालता है। हम एक ऐसी दुनिया देखना चाहते हैं, जहां लड़कियां बाल विवाह से मुक्त रहें और उनके पास अपने सपनों को हासिल करने के अवसर और एजेंसी हो।

हमने पिछले एक दशक में काफी प्रगति देखी है। लाखों लड़कियों को अपने स्वयं के जीवन को तय करने और दिशा देने के लिए अधिक स्वतंत्रता, अवसर और शक्तियां प्राप्त हुई हैं। लेकिन अभी बहुत कुछ करने की जरूरत है। हमें अपने कामों में तेजी लानी चाहिए और बाल विवाह को समाप्त करने के अपने संयुक्त प्रयासों को मजबूत करना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि यह पीढ़ी आखिरी पीढ़ी है, जहां लड़कियां दुल्हन बनती हैं।

सितंबर 2021 और मार्च 2022 के बीच, गर्ल्स नॉट ब्राइड्स पार्टनरशिप "पावर टू गर्ल्स" अभियान के माध्यम से हमारे वैश्विक आंदोलन को गति प्रदान करेगी। साथ ही, हम निर्णयकर्ताओं को इस मुद्दे के पीछे की तात्कालिकता बताएंगे और तुरंत कार्रवाई करने के लिये उनका आह्वान करेंगे।

हमें लड़कियों की स्वतंत्रता और एजेंसी की बाधाओं को दूर करने और उन्हें अपने शरीर, जीवन और भविष्य के बारे में चुनाव करने के अवसर प्रदान करने की आवश्यकता है। अपने अभियान में, हम लड़कियों की आवाज़ बुलंद करना चाहते हैं और उनके लिए अपनी व्यक्तिगत शक्ति का उपयोग करने और उनकी क्षमता का एहसास करने के लिए जगह बनाना चाहते हैं।

हम यह सुनिश्चित करने के लिए निर्णयकर्ताओं से ठोस प्रतिबद्धता और जवाबदेही चाहते हैं कि बाल विवाह समाप्त करना उनके लिए एक राजनीतिक और वित्तीय प्राथमिकता है।

आओ मिलकर बाल विवाह को खत्म करें।

"पावर टू गर्ल्स" का आह्वान क्या है?

"पावर टू गर्ल्स" अभियान सरकारों, दानदाताओं, कर्मचारियों, संस्थाओं, लड़कियों और समुदायों से यह सुनिश्चित करने का आग्रह करता है कि यह बाल विवाह से प्रभावित अंतिम पीढ़ी है। हम आह्वान करते हैं कि अभियान के तहत उभरने वाली प्रक्रियाओं को जरूरी आर्थिक मदद देने और उनको क्रियान्वित करने की प्रतिबद्धता की जाय। हमें लड़कियों के अधिकारों को विस्तार देने और समुदायों को संगठित करने के लिए एक साथ आना चाहिए।
यदि हम अगले दशक में बाल विवाह को समाप्त करना चाहते हैं तो हमें इसके लिए ऐसी प्रतिबद्धताओं की आवश्यकता है:

- लड़कियों को हमारे प्रयासों के केंद्र में रखेंगे
- सामाजिक मानदंडों को बदलेंगे
- अधिक से अधिक लड़कियों तक पहुँच बढ़ाने वाले कार्यक्रमों पर फोकस करेंगे और सफल कार्यक्रमों का विस्तार करेंगे
- सामाजिक परिवर्तन लाने वाले आंदोलनों का समर्थन करेंगे
- बाल विवाह के मुद्दे पर काम करने के लिए राजनीतिक और आर्थिक कार्रवाई करेंगे

आप "पावर टू गर्ल्स" प्रतिबद्धता लेकर लड़कियों को बता रहे हैं कि आप उनके भविष्य और समानता आधारित दुनिया को प्राथमिकता दे रहे हैं। एक आंदोलन के रूप में, हम निर्णय लेने वालों को उनके वादों के लिए जिम्मेदार ठहराने के लिए "पावर टू गर्ल्स" अभियान की प्रतिबद्धताओं का उपयोग करेंगे।

#PowertoGirls

मैं अपना "पावर टू गर्ल्स" प्रतिबद्धता कैसे बनाऊं?

पहला- हमारे अभियान वेबपेज पर पोस्ट करके अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत बनाइये, और
दूसरा- हमारे "कॉल टू एक्शन" को अपनी आवाज जोड़ें। आपकी प्रतिबद्धता विशिष्ट और समयबद्ध होनी चाहिए। प्रतिबद्धताओं के कुछ उदाहरण इस प्रकार हैं:

दानदाता

'मैं बाल विवाह को समाप्त करने वाले कामों को आगे बढ़ाने के लिए एक मिलियन पाउंड देने के वादा करते हुए "पॉवर टू गर्ल्स" का समर्थन करता हूं। जब तक लड़कियों और किशोरियों को स्वतंत्र रूप से जीने और अपने शरीर से जुड़े निर्णय लेने का अधिकार नहीं है, तब तक हमारे पास सही मायने में एक बेहतर और न्यायसंगत भविष्य नहीं है।'

सरकार

'हमारी सरकार शादी की न्यूनतम कानूनी उम्र को बढ़ाकर 18 वर्ष करके "पॉवर टू गर्ल्स" के प्रति वचनबद्ध है। साथ ही सरकार महिलाओं और लड़कियों में निवेश की समीक्षा करने के लिए भी प्रतिबद्ध है।'

एक्टिविस्ट

'मैं अपने सांसद को बाल विवाह को खत्म करने का आह्वान करते हुए "पॉवर टू गर्ल्स" का समर्थन करता हूं। क्योंकि हमें अपने शरीर, अपने भविष्य और अपने जीवन के बारे में चुनाव करने की स्वतंत्रता होनी चाहिए।'

लड़की/युवा व्यक्ति

"पॉवर टू गर्ल्स" का अर्थ है मेरी शिक्षा, मेरे चुनने के अधिकार, मेरे भविष्य की बाधाओं को तोड़ना। इसलिए मैं अपने समुदाय/विद्यालय/आंदोलन के साथ एक कार्यक्रम का आयोजन कर रहा/रही हूं।'

हम एक ऐसी दुनिया देखना चाहते हैं जिसमें युवा लड़कियां चुन सकें कि शादी करना है या नहीं, यदि हाँ तो कब और किससे शादी करनी है। यह सुनिश्चित करने के लिए हमसे जुड़ सकते हैं और "पॉवर टू गर्ल्स" को समर्थन कर सकते हैं।

PowertoGirls

#PowertoGirls